


नवभारत

भोपाल, सोमवार 17 नवंबर, 2025


## एक नजर में

### बाल मेला लगाकर प्रतिभाओं का सम्मान किया



**नवभारत न्यूज ब्यावरा 15 नवम्बर, का.** नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था इंदौर पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल मेला आयोजित कर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. बच्चों ने विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाये. खेल, हस्तकला तथा रचनात्मक गतिविधियों की प्रस्तुति दी. अतिथि जिपं अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, नपाध्यक्ष पवन कुशवाहा, भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, जिपं सदस्य डॉ विश्वनाथ दांगी, सुश्री रचना भार्गव एवं महेन्द्र यादव उपस्थित रहे. विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का निरीक्षण किया तथा बच्चों की प्रतिभा एवं नवाचार की प्रशंसा करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की. विद्यालय संचालक हरिओम दांगी एवं प्राचार्य चेनसिंह जाटव ने अतिथियों का स्वागत किया. कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं रचनात्मकता विकसित होती है. विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गये.

### क्रिकेट टूर्नामेंट में सिरसोदिया रही प्रथम विजेता

**पड़ाना 16 नवंबर, सं.** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुलावता में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. जिसमें पडालिया माताजी, लीमाचौहान, धामंदा, किशनखेड़ी, पिपलियापाल, सिरसोदिया, गुलावता इत्यादि गांव की टीम ने क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लिया. रविवार को गुलावता एवं सिरसोदिया के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया. जिसमें सिरसोदिया गांव के खिलाडियों ने 8 ओवर में 92 रन बनाकर 93 रनों का लक्ष्य गुलावता टीम के सामने रखा. लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुलावता टीम दो रनों से हार कर 90 रन सिमट गई. फाइनल मुकाबले में सिरसोदिया टीम प्रथम विजेता रही. वही उपविजेता गुलावता रही. जहां सरपंच संतोष भिलाला अवधेश बैरागी, चरण सिंह भैंसानिया, संजय भैंसानिया, प्रीतम इत्यादि द्वारा प्रथम विजेता टीम को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया.

### जनजाति व गौरव दिवस मनाया गया

**झाड़ला 16 नवंबर, सं.** शासकीय सीनियर बालक अनु.सूचित जाति छात्रावास में मुख्य अतिथी संकुल प्राचार्य अशोक कुमार की उपस्थिति में नवांकर संस्था प्रखर ज्योति विद्या समिति नरसिंहगढ़ के द्वारा जनजाति गौर दिवस भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वी जन्म जयन्ती का कार्यक्रम मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत में छात्र रिंकू वर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा जी की तरह भेष बनाया. अधिक्षक रमेशचन्द्र जाटव, भारतसिंह सूर्यवंशी, राकेश कुमार अहिरवार सभी वक्ताओं ने भारतीय इतिहास में भगवान बिरसा मुंडा के अमूल्य योगदान पर श्रृधा सुमन अर्पित किये और बडे हर्षोउल्लास के साथ गौरव दिवस मनाया. उन्होंने बताया गया कि पर्यावरण, सनातन धर्म एंव राष्ट्र के लिए जो योगदान उन्होने दिया उसी प्रकार उनसे प्रेरणा लेकर हम सभी को राष्ट्र के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए और सामाजिक चुनोतियों पर चिंतन करना चाहिए. संचालन संस्था अध्यक्ष प्रखर सिंह बैस के द्वारा व आभार देवसिंह राठौड जी के द्वारा किया गया.

# सतर्कता से रुका बाल विवाह

## जिले में जारी बाल विवाह मुक्त अभियान, बाल विवाह के प्रति कर रहे जागरूक

### खोखेडा ग्राम में नाबालिक के विवाह की सूचना पर सतर्कता से बाल विवाह रुकवाने की कार्रवाई की

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 नवम्बर, का. जिले में बाल विवाह मुक्त अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बाल विवाह के प्रति जागरुक किया जा रहा है. खिलचीपुर तहसील के ग्राम मोकमपुरा एवं खोखेडा में बाल विवाह मुक्त अभियान कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम का उद्देश्य, बाल विवाह के दुष्प्रभाव, कानूनी प्रावधानों तथा रोकथाम के उपायों के प्रति जागरूक करना है. खोखेडा ग्राम में नाबालिक के विवाह की सुचना पर सतकर्ता से बाल विवाह रुकवाने की कार्रवाही की गई.**

कार्यक्रम में उपस्थित विकासखंड चिकित्सा अधिकारी खिलचीपुर हिमांशु मीणा ने बताया कि बाल विवाह एवं बाल सगाई एक सामाजिक बुराई है, इसे समाप्त करने पर ही समाज का पूर्ण विकास संभव है. वन स्टॉप प्रशासक एवं अभियान की नोडल अधिकारी श्रीमती रश्मि चौहान द्वारा बताया गया की सतर्कता और जागरूकता से ही बाल विवाह जैसी कुरीति से लड़ा जा सकता है.



बाल संरक्षण अधिकारी सुश्री रिंकी धाकड़ ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में बताया की बाल विवाह करने वाले या कराने वाले को 2 वर्ष तक की जेल और एक लाख तक का जुर्माना हो सकता है.

### टीम द्वारा समझाया गया

संवाद कार्यक्रम के पश्चात एक बाल विवाह रुकवाते हुए संबंधित परिवार को समझाईश दी गई की बाल विवाह अपराध है यह कानून का उल्लंघन है. परिवार को टीम द्वारा समझाया गया. इस अवसर पर सुपरवाइजर संतोष चौहान, पुलिस विभाग से सब इंस्पेक्टर विनोद मीणा और आरक्षक सुश्री प्रिया मीणा उपस्थित रहे. समझाईश उपरांत परिजनों ने भी बाल विवाह ना करने की ठानी. बाल विवाह मुक्त करने कि शपथ दिलायी गई.

## मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन

**राजगढ़ 16 नवंबर, का.** मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ जिला राजगढ़ के तत्वाधान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि अजाक्स के कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष संतोष वर्मा आईएएस तथा विशेष अतिथि घनश्याम भकोरिया रामकृष्ण वर्मा, श्यामबाबू खरे तथा एस सी ओसले रहे. अध्यक्षता जगदीश वर्मा जिलाध्यक्ष अजाक्स ने की. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संतोष वर्मा ने समाज की एकजुटता तथा अपने अधिकारों के लिए सजग रहने हेतु आव्हान किया. उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन परिचय को याद करते हुए उनसे समाज को प्रेरणा लेने का आह्वान किया. साथ ही 23 नवंबर 2025 को भोपाल में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में राजगढ़ जिले से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की. इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सजन भारतीय, मनोहर भिलाला, कैलाश दलोदिया, राजेंद्र कटारिया, बनवारी लाल खींची, महेश मालवीय, चंदर सिंह मालवीय, सिद्धनाथ वर्मा, संदीप कटारिया मंच पर उपस्थित रहे. संचालन जुगराज वर्मा व आभार कार्यवाहक जिलाध्यक्ष नरेंद्र जाधव ने माना. उपरांत महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम ज्योति राजौरे को कई मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा.गया.



# 12 सैंपल्स में पानी की मिलावट तथा 1 सैंपल असामान्य मिला

नवभारत न्यूज

**राजगढ़, 16 नवम्बर, का.** भोपाल दुग्ध संघ (सांची) द्वारा राजगढ़ जिले के बिरजीपुरा कॉलोनी में दूध का दूध पानी का पानी अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में उपभोक्ताओं द्वारा घर में उपयोग किया जा रहे दूध, दही, घी एवं पनीर की जांच नि:शुल्क की जाती है तथा इन उत्पादों की गुणवत्ता के परिणाम तत्काल उपभोक्ताओं को बताए जाते हैं. जांच के दौरान कुल 32 उपभोक्ताओं एवं खुले दूध के विक्रेताओं से सैंपल्स लिए गए. इसमें दूध के 31 तथा एक सैंपल घी का था. दूध के कुल 31 सैंपल्स में से 12 सैंपल्स में पानी की मिलावट पाई गई तथा 1 सैंपल असामान्य पाया गया. अभियान के दौरान भोपाल दुग्ध संघ की ओर से प्रभारी ग्रामीण विपणन सुश्री निधि सिंह राजपूत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. खत्री, पी. एस. ठाकुर एवं अन्य अमला उपस्थित रहा.

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री खत्री द्वारा खुले दूध के विक्रेताओं को अनिवार्यतः खाद्य पंजीयन कराने निर्देशित किया. इसके अलावा समस्त उपभोक्ताओं को जागरुक करते हुए उन्हें यह बताया गया कि केवल और केवल पाश्चुराइज्ड दूध का ही सेवन करें. बिना पाश्चुरीकृत दूध सेहत के लिए हानिकारक है.

इस प्रकार दुग्ध संघ द्वारा दूध का दूध पानी का पानी अभियान का समापन किया गया जो कि ब्यावरा में चार दिन एवं राजगढ़ में 5 दिन तक संचालित रहा. अभियान के दौरान कुल 321 उपभोक्ताओं द्वारा घर में उपयोग किया जा रहे दूध की जांच कराई गई. जिसमें से 122 सैंपल्स में पानी की मिलावट पाई गई तथा 18 सैंपल्स असामान्य पाए गए.



# संस्कार एकेडमी में हुआ रेनबो फन फेयर का भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

**पचोर 16 नवंबर, सं.** संस्कार एकेडमी में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में मनाते हुए रेनबो फन फेयर का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया. इस अवसर पर रोहित कुमार बम्होरे (एसडीएम, सारंगपुर) एवं अरविंद सिंह (एसडीओपी, सारंगपुर) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा रिबन काटकर किया गया. विद्यालय के अध्यक्ष दीपक गोयल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वागत भाषण दिया. इस अवसर पर संस्था निर्देशक दिनेश गोयल, पंकज गोयल, डॉ विकास शर्मा, विवेक शर्मा, प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा, कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद, कवंलप्रीत, एचओडी प्री प्राइमरी रियांशी गोयल तथा छात्र संघ की स्कूल कैप्टन दीपांशी गोयल ने माल्यार्पण कर मुख्य अतिथियों का अभिनंदन किया. दोनों मुख्य अतिथियों ने बच्चों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि बाल दिवस का अर्थ केवल आनंद नहीं बल्कि बाल सुलभ जिज्ञासा, सृजनशीलता और निष्ठा को बनाए रखना है. कार्यक्रम का आयोजन हिंदी के वरिष्ठ शिक्षक एवं सीसीए हेड जितेन्द्र सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में किया गया. इस आयोजन में विद्यार्थियों ने विविध आकर्षक स्टॉल लगाए. स्वादिष्ट व्यंजनों जैसे पाव भाजी, छोले कुलचे, मोमोज, मंचूरियन, कटोरी चाट, पानीपूरी, मूंग व गाजर का हलवा, केक-पेस्ट्री आदि के स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे. साथ ही गेम्स जोन में बच्चों ने फन एक्टिविटी, गन शूटिंग, बॉल थ्रो, हॉरर शो, जुरासिक वर्ल्ड, जोम्बिक वर्ल्ड जैसी रोमांचक गतिविधियों का भी आनंद लिया. खुले मंच पर आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में प्रि-प्राइमरी वर्ग के नन्हें बच्चों की रैंप वॉक ने सभी को मोहित किया जबकि प्राइमरी वर्ग के विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रेस, कविता पाठ, समूह गान और मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया. अंत में सभी स्टॉलों का मूल्यांकन सजावट, गुणवत्ता, कार्य शैली एवं क्रेता विक्रेता संवाद के आधार पर किया गया तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. रेनबो फन फेयर के विभिन्न स्लॉट में अलग-अलग वर्ग में फूड डिगर्स, ड्रीम ऑफ़ द डे व हैप्पी फूड कॉर्नर प्रथम स्थान पर रहे तथा स्वाद की चौकी, मस्ती का तड़का, छोटेलाल की दुकान व टेस्टी फूड कॉर्नर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. इस अवसर पर एक्सिस बैंक के द्वारा भी पूर्व में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता एवं बाल मेले के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया.

## भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती मनाई गई

**नरसिंहगढ़ 16 नवंबर, सं.** ग्राम भेसना गुरुकुल विद्या मंदिर स्कूल में जन अभियान की नवांकुर संस्था समृद्ध शिक्षण संस्था महुआ द्वारा आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री पिंकेश गुर्जर ने अपने उदवोदन में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती पर बताया कि जिस प्रकार भगवान बिरसा मुंडा जी ने पर्यावरण सनातन धर्म एवं राष्ट्र के लिए जिस प्रकार का कार्य किया हम लोगों को भी उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्र के कार्य के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए. जो चुनौतियां समाज में है उन को किस प्रकार समाप्त किया जा सकता है चिंतन करने की आवश्यकता है. अध्यक्षता कंचन सिंह गुर्जर द्वारा किया गया. संचालन गुरुकुल विद्या मंदिर के संचालक फुंदी लाल विश्वकर्मा ने किया.

# राज्यमंत्री ने पकड़ी अवैध खनन कर रहीं मशीनें

## प्रशासन ने एक मशीन जब्त की, दूसरी की तलाश जारी

### पार्वती नदी में अवैध खनन का किया पर्दाफाश

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 नवम्बर, का. सुठालिया क्षेत्र में भ्रमण के दौरान अवैध खनन का मामला सामने आने पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा मौके पर से खनन कर रही दो मशीनें पकड़ी तथा इस मामले की सूचना तुरंत कलेक्टर,एसपी को दी.**

जानकारी के अनुसार सुठालिया के समीप पार्वती नदी पर अवैध खनन किया जा रहा था. उसी दौरान क्षेत्र भ्रमण पर गए मंत्री श्री पंवार ने मशीनों को खनन करता देख तो दोनों मशीनों को पकड़ा. स्टॉफ द्वारा उनकी चाबियां ले ली गई.प्रशासन को सूचना देने व मशीनें गांव कोटवार को बुलाकर उसके सुपुर्द कर मंत्री श्री पंवार अपने आगे के दौरा कार्यक्रम की और चल दिये.

हालांकि उनके जाते ही संबंधित लोग बिना चाबी के मशीने ले भागे. बाद में मौके पर पहुंचे एसडीओपी व सुठालिया तहसीलदार ने एक मशीन को जप्त कर लिया तथा दूसरी मशीन की तलाश है.

सेमलापार के समीप पार्वती नदी पर बने उच्च स्तरीय पुल के एप्रोच रोड के समीप खोदाई की जा रही है. ऐसे में एप्रोच रोड के ढहने के साथ ही पुल के पिलरों को भी नुकसान होना शुरू हो जाएगा.



क्षेत्र भ्रमण के दौरान पार्वती नदी में अवैध खनन कर रही दो मशीनों को पकड़ा. सूचना पर मौके पर प्रशासन पहुंचा तब तक मशीने डायरेक्ट स्टार्ट करके संबंधित भगा ले गए. मैंने कलेक्टर, एसपी से मौक से ही बात कर कार्रवाई के निर्देश दिए है. जितना खनन हुआ है समग्र वसूली संबंधितों से करने को कहा है.

**नारायणसिंह पंवार**
**राज्यमंत्री मप्र शासन**

# हवा में झूलते बिजली की केबल

## दुर्घटना से बेखबर बिजली विभाग



नवभारत न्यूज

**तलेन 16 नवंबर, सं.** सारंगपुर मुख्य मार्ग पर बिजली की झूलती लाईन से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. दो पोलों पर लटक रही विद्युत लाईन को लकड़ी के खंबे व पेड़ व खेत में लगी तारो की बागर से सहारा देकर ऊंचा किया गया है.

वही सारंगपुर रोड पर निवासरत हेमराज यादव ने बताया कि सड़क के किनारे लटक रही बिजली की लाईन से कभी भी हादसे का डर बना हुआ है. इस संबंध में बिजली अधिकारियों को कई बार शिकायत की जा चुकी है. फिर भी बिजली कंपनी के अधिकारी समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं. शायद कोई घटना घटने के बाद ही विद्युत विभाग इस और ध्यान देगा या नींद खुलेगी.



# दुर्घटनाओं में मृतकों के लिए मनाया विश्व यादगार दिवस

## आत्म जागरुकता, शांति और धैर्यता से सुरक्षित यातायात संभव ब्रह्माकुमारी सुरेखा दीदी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 नवंबर, का. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजगढ़ के शिव वरदान भवन में सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों को श्रद्धांजलि देने एवं दुर्घटना में पीडिति व्यक्तियों तथा उनके परिवारों को मानसिक संबल देने के लिए विश्व यादगार दिवस मनाया गया.**

यातायात नियमों की जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमारी सुरेखा दीदी ने बताया कि आए दिन सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतें व एक्सीडेंट हमें यह चेतावनी देते हैं कि अनमोल जीवन को बचाने के लिए यातायात के नियमों का पालन करते हुए धैर्यता पूर्वक वाहन चलाना चाहिए. हम कई बार ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते, मोबाइल पर बात करते बिना हेलमेट के तेज गति से वाहन चलाते जिससे समय पर कंट्रोल नहीं कर पाते, अशांत मन से वाहन चलाते जिससे एक्सीडेंट स्वाभाविक रूप से हो जाता है. दो पहिया वाहन में हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट अवश्य बांधे. यह दिवस हमें स्मरण दिलाता है कि हमें अपने अमूल्य जीवन की रक्षा के लिए दूसरों को ना देख अपने अंदर सुधार लाना है. इतनी सारी घटनाओं से सबक ले जागरूक हो जाए और स्वयं में दृढ़ता पूर्वक संकल्प लें कि मुझे ट्रैफिक नियमों का पालन अवश्य करना है. इसके लिए राजयोग मेडिटेशन कारगर उपाय हैं.

कार्यक्रम में सड़क दुर्घटना में मृतकों को आत्मिक शांति और शक्ति देने के लिए ब्रह्माकुमारी कविता बहन ने विशेष कमेंट्री द्वारा योग की गहन अनुभूति व यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई. अंत में सभी ने मोमबत्ती जलाकर सड़क दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी.


**स्वीकृति** घरेलू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में 47 लाख से बनेगा सामुदायिक भवन

# 8 करोड़ 57 लाख रुपए से बनेंगे 35 सामुदायिक भवन

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/राजगढ़, 16 नवम्बर, का. ब्यावरा विधानसभा में विकास कार्यों को एक नई गति देते हुए 8 करोड़ 57 लाख रुपए की लागत से 35 सामुदायिक भवनों के निर्माण को शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है.**

राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार के प्रयासों से यह सौगात मिली है. इन स्वीकृतियों में विशेष रूप से पवित्र तीर्थ स्थल घुरेल पहाड़ी स्थित ज्योतिर्लिंग पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में प्रस्तावित सामुदायिक भवन शामिल है, जो धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा.



राज्यमंत्री श्री पंवार ने इस मंजूरी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व का आभार माना है. 8 करोड़ 57 लाख रुपए लागत के 35 सामुदायिक भवनों की स्वीकृति, विशेष रूप से घुरेल पहाड़ी स्थित ज्योतिर्लिंग पशुपतिनाथ मंदिर में सामुदायिक भवन की मंजूरी, क्षेत्र की जनता के लिए एक बड़ी सौगात है. यह भवन श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों के लिए एक सशक्त सुविधा केंद्र सिद्ध होगा.

### सामुदायिक भवनों से होगी सुविधा

राज्यमंत्री श्री पंवार ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल का भी विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है. सामुदायिक भवनों के निर्माण के बाद क्षेत्र में सामाजिक आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामुदायिक बैठकों और स्थानीय आवश्यकताओं से जुड़े कार्य और अधिक सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकेंगे.